राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

संजय कुमार सिंह, *भा०प्र०से०*
कार्यपालक निदेशक

आदेश संख्या: SHSB/GA/HR/7140/2021/...... पटना, **दिनांकः .../10/2021**

-: आदेश :-

विज्ञापन संख्या-11/2020 के तहत संविदागत **STAFF NURSE** के पद पर चयनित कुल 2444 अभ्यर्थियों को राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के आदेश ज्ञापांक-3224, 3225, 3226, 3227, 3228, 3229 एवं 3230 दिनांक 28.08.2021 के द्वारा विभिन्न जिला स्वास्थ्य समितियों में पदस्थापित किया गया है। प्रकाशित विज्ञापन संख्या-11/2020 में निहित शर्तों के अनुसार BNRC निबंधन प्रमाण-पत्र के आधार पर अभ्यर्थियों का योगदान स्वीकार किये जाने का निदेश है। तदनुसार उक्त पदस्थापन आदेशों में BNRC निबंधन प्रमाण-पत्र के आधार पर अभ्यर्थियों को दिनांक 30 सितम्बर, 2021 तक संबंधित जिलों में योगदान देने का निदेश दिया गया है।

2. चयनित अभ्यर्थियों में कई बिहार राज्य के बाहर के अभ्यर्थी हैं, जिनके द्वारा अपने-अपने परिचारिका निबंधन प्रमाण-पत्र के स्थानान्तरण हेतु BNRC, पटना में आवेदन समर्पित किये जाने की जानकारी दी गयी है। इस संबंध में कतिपय जिलों द्वारा भी मार्गदर्शन की मांग की गयी है।

3. अनौपचारिक सूचनानुसार बिहार परिचारिका निबंधन परिषद् (BNRC), पटना में परिचारिका निबंधन प्रमाण पत्र की स्थानान्तरण की प्रक्रिया 45 दिनों के अन्तर्गत पूरी होती है। अतः वर्णित स्थिति में विचारोपरान्त STAFF NURSE के पद पर चयनित अभ्यर्थियों का योगदान की अवधि **दिनांक 31 अक्टूबर, 2021** तक विस्तारित की जाती है।

4. उक्त पदस्थापन आदेशों की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

ह०/-

(संजय कुमार सिंह)

ज्ञापांक : SHSB/GA/HR/7140/2021/.....4189 पटना, दिनांकः ...01../10/2021

प्रतिलिपिः अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ।

प्रतिलिपिः सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति/क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार/सिविल सर्जन-सह-सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः निबंधक, बिहार परिचारिका निबंधन परिषद् (BNRC), पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। कृपया संलग्न सूची में अंकित अभ्यर्थियों से संबंधित परिचारिका निबंधन प्रमाण-पत्र स्थानान्तरण की कार्रवाई यथाशीघ्र पूरी कर तदनुसार निबंधन प्रमाण-पत्र (BNRC) निर्गत किया जाय।

प्रतिलिपिः सभी नवपदस्थापित STAFF NURSE को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः सिस्टम एनालिस्ट-सह-डाटा ऑफिसर, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को समिति के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

1/10/21

कार्यपालक निदेशक

स्वस्थ बिहार समृद्ध बिहार